## न्यूज डायरी



### अब पाक भी कोरोना पॉजिटिव के संपर्क में आए लोगों को भेज रहा अलर्ट मेसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। चीन और साउथ कोरिया के बाद अब पाकिस्तान कोरोना पॉजिटिव मरीज के कॉन्टैक्ट में आए लोगों को फोन के जरिये ट्रैक कर रहा है। इसके बाद उन्हें एसएमएस कर जानकारी दी जा रही है कि उनके कॉन्टैक्ट के किस व्यक्ति को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। फोन से ट्रैक करने का तरीका चीन और साउथ कोरिया में भी अपनाया गया था जो कि सफल रहा है। वहीं, इजरायल फोन के जरिये कोरोना मरीजों की गतिविधि पर नजर रख रहा है। पाक स्वास्थ्य मंत्रालय ऐसे लोगों को अलर्ट मेसेज भेज रहा है जिनके बारे में ऐसी आशंका है कि वे कोरोना मरीजों के संपर्क में आए हो सकते हैं। उन्हें श्कोरोना अलर्टश नाम से मेसेज भेजा जा रहा है। संपर्क में आए लोगों को सेल्फ–क्वारनटाइन में जाने को कहा जा रहा है।

### घर के दरवाजे पर 80 किलो का गोल्डेन अजगर, उड़े बुजुर्ग महिला के होश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। आस्ट्रेलिया में एक बुजुर्ग महिला के उस समय होश उड़ गए जब उसके दरवाजे पर विशालकाय अल्बीनो बर्मीज अजगर पहुंच गया। इस अजगर की लंबाई 5 मीटर और वजन 80 किलोग्राम था। घटना गोल्ड कोस्ट इलाके की है। दहशत में आई महिला ने फोनकर लोगों को इसकी जानकारी दी। बाद में एक सांप पकड़ने वाले ने गोल्डेन कलर के इस अजगर को पकड़ा। सांप पकड़ने वाले ने नाइन न्यूज गोल्ड कोस्ट को बताया कि उसने अपने 27 साल के करियर में कभी भी इतना विशाल अजगर नहीं पकड़ा था। अपने दरवाजे पर अजगर को देखकर बुजुर्ग महिला घबरा गईं और उन्होंने सांप पकड़ने वाले टोनी हैरिसन को फोन किया। हैरिसन ने कहा बताया कि जब वह पहुंचे तो यह अजगर महिला के दरवाजे पर बैठा था।

### डॉक्टर ने बचाई कोरोना पीड़ितों की जान, खुद हारी जिंदगी की जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वुहान। कोरोना वायरस के गढ़ चीन के हुबेई प्रांत में लगातार 35 दिनों तक काम करके कोरोना से संक्रमित लोगों की जान बचाने वाले डॉक्टर की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। 29 साल के डॉक्टर डोंग तिआन की शनिवार को हुबेई के एक हॉस्पिटल में मौत हो गई। एक सप्ताह बाद ही डॉक्टर तिआन का 30वां जन्मदिन था। डेलीमेल की रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टर तिआन एक महीने से लगातार काम कर रहे थे। 3 मार्च को वह अचानक गिर गए और उन्हें तत्काल हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। उनका करीब 19 दिनों तक आईसीयू में इलाज किया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। डॉक्टर तिआन के परिवार में पत्नी और उनके बीमार पिता हैं। डॉक्टर तिआन का शव जब उनके गृह प्रांत हुबेई के दांगयांग इलाके में ले जाया गया तो लोगों की आंखों में आंसू आ गए है। उन्होंने एक बैनर के साथ डॉक्टर तिआन के शव का स्वागत किया।

### लगातार 2 दिन मौत, नए केस में कमी, इटली में खत्म होगा कठिनाई का दौर?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। किलर कोरोना वायरस की मार से बुरी तरह से जूझ रहे इटली से अच्छी खबर आई है। पिछले दो दिनों में इटली में मौत और नए केस में कमी आई है। हालांकि इटली में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 6,000 के आंकड़े को पार कर गई है। कोरोना वायरस से दुनिया में इटली में सबसे ज्यादा लोग मारे गए हैं। यूरोपीय देश में शनिवार को कोरोना से एक दिन में सबसे अधिक मौतों का रेकॉर्ड बन गया था। शनिवार को इटली में 793, रविवार को 651 और सोमवार को 601 लोगों की मौत हुई है। शनिवार को जहां 6,557 नए संक्रमित केस आए थे, वहीं सोमवार को यह घटकर 4,789 हो गए। इन आंकड़ों से मेडिकल ऑफिसर जहां खुश हैं। वहीं कहा जा रहा है कि इटली ने अपनी अर्थव्यवस्था और आजादी दोनों को दांव पर लगा दिया, फिर जाकर कोरोना का असर कम हुआ है।

# चीन में हंता वायरस से व्यक्ति की मौत

**नई मुसीबत**

पीड़ित व्यक्ति हंता वायरस से पीड़ित था और काम करने के लिए शाडोंग प्रांत लौट रहा था

## लोग डर जता रहे हैं कि कोरोना की तरह से ही महामारी न बन जाए



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। कोरोना वायरस की मार से जूझ रहे चीन के युन्नान प्रांत में एक व्यक्ति की सोमवार को हंता वायरस से मौत हो गई। पीड़ित व्यक्ति काम करने के लिए बस से शाडोंग प्रांत लौट रहा था। उसे हंता वायरस से पॉजिटिव पाया गया था। बस में सवार 32 अन्य लोगों की भी जांच की गई है। चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स के इस घटना की जानकारी देने के बाद सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है।

बड़ी संख्या में लोग ट्वीट करके यह डर जता रहे हैं कि यह कहीं कोरोना वायरस की तरह से ही महामारी न बन जाए। लोग कह रहे हैं कि अगर चीन के लोग जानवरों को जिंदा खाना बंद नहीं करेंगे तो यह होता रहेगा। शिवम लिखते हैं, चीनी लोग अब एक और महामारी की परियोजना पर काम कर रहे हैं। यह हंता वायरस चूहे खाने से होता है।

**जानें, क्या है हंता वायरसः** विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना वायरस की तरह से हंता वायरस घातक नहीं है। कोरोना के विपरीत यह हवा के रास्ते नहीं फैलता है। यह चूहे या गिलहरी के संपर्क में इंसान के आने से फैलता है। सेंटर फॉर डिजिज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, चूहों के घर के अंदर और बाहर करने से हंता वायरस के संक्रमण का खतरा रहता है। यहां तक कि अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति भी है और वह हंता वायरस के संपर्क में आता है तो उसके संक्रमित होने का खतरा रहता है।

हालांकि हंता वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं जाता है लेकिन यदि कोई व्यक्ति चूहों के मल, पेशाब आदि को छूने के बाद अपनी आंख, नाक और मुंह को छूता है तो उसके हंता वायरस से संक्रमित होने का खतरा बढ़ जाता है। इस वायरस से संक्रमित होने पर इंसान को बुखार, सिर दर्द, शरीर में दर्द, पेट में दर्द, उल्टी, डायरिया आदि हो जाता है। अगर इलाज में देरी होती है तो संक्रमित इंसान के फेफड़े में पानी भी भर जाता है, उसे सांस लेने में परेशानी होती है।

**हंता वायरस जानलेवा है?:** सीडीसी के मुताबिक हंता वायरस जानलेवा है। इससे संक्रमित व्यक्तियों के मरने का आंकड़ा 38 प्रतिशत है। चीन में हंता वायरस का यह मामला ऐसे समय पर आया है जब पूरी दुनिया वुहान से निकले कोरोना वायरस की महामारी से जूझ रही है। कोरोना वायरस से अब तक 16 हजार 500 लोगों की मौत हो गई है। यही नहीं अब तक दुनिया के 382,824 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। कोरोना वायरस की व्यापकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह वायरस अब 196 देशों में फैल चुका है।

## चीन में कोरोना के 78 नए मामले, महामारी के दोबारा आने का खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। कोरोना वायरस का गढ़ रहे चीन में इस महामारी से संक्रमण के 78 नए मामले सामने आए हैं। ये सभी 74 नए मामले ऐसे हैं जो विदेशों से संक्रमण लेकर आए हैं। इस बीच स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि कोविड–19 से 7 और लोगों की मौत की बाद मृतकों की संख्या 3,277 हो गई है। इन ताजा मामलों के सामने आने के बाद चीन में महामारी के दोबारा आने का खतरा बढ़ गया है।

चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने मंगलवार को बताया कि चीनी मुख्यभूमि पर सोमवार तक कुल 81,171 लोग संक्रमित थे। इनमें बीमारी से मरने वाले 3,277 लोग, अभी भी इलाज करा रहे 4,735 मरीज और सेहत में सुधार होने के बाद अस्पताल से जाने दिए गए 73,159 मरीज शामिल हैं। आयोग ने बताया कि सोमवार को चीन मुख्यभूमि पर कोविड–19 के 78 नये मामले सामने आए जिनमें से 74 विदेशों से संक्रमण लेकर आए लोग हैं। ऐसे मामलों की संख्या अब 427 हो गई है। आयोग ने बताया कि सोमवार को 7 मौत और 35 नए संदिग्ध मामले भी सामने आए। ये सातों मौत हुबेई प्रांत में हुई। बीजिंग में कोविड–19 के कुल मामले आठ मौत के साथ 522 पर पहुंच गए हैं।



ऑस्ट्रिया का वो रिजॉर्ट जिसने पूरे यूरोप में फैलाया कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वियना। कोविड–19 एक संक्रामक बीमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संपर्क से फैलता है। यह जानते हुए भी दुनियाभर के कई देशों से लापरवाही के एक से बढ़कर एक मामले सामने आ रहे हैं। ऐसा ही मामला ऑस्ट्रिया से आ रहा है जहां स्की रिजॉर्ट की लापरवाही ने पूरे यूरोप में कोरोना फैला दिया। दरअसल, ऑस्ट्रिया के टायरोल प्रांत के स्की रिजॉर्ट शह इश्गल में सर्दियों में 5 लाख टूरिस्ट आते हैं। सीएएन की रिपोर्ट के मुताबिक, क्वारनटाइन में फिलहाल रह रहे 56 साल के हेनरिक ने बताया कि वे ऑस्ट्रिया दौरे पर इश्गल के किट्जलोकक नाम के एक रेस्तरां में रुके थे। उन्होंने तीन सप्ताह की छुट्टियों में वहां कई रातें पार्टी कीं। उन्होंने बताया, श्वहां कई लोग थे। अच्छे वेटर्स थे जो आपको शराब परोस रहे थे।

## भारत पर निर्भर है कोरोना का भविष्य पहले भी ऐसे दुश्मनों को हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**भारत में अभी तक कम्युनिटी ट्रांसमिशन की स्टेज नहीं आई**

वाशिंगटन। कोरोना वायरस को हराने में भारत समेत सभी देशों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। भारत में अभी तक कम्युनिटी ट्रांसमिशन की स्टेज नहीं आई है। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन के निदेशक डॉ. माइकल जे रायन ने कहा है कि कोरोना वायरस का भविष्य में कैसा असर रहेगा यह भारत जैसी बड़ी जनसंख्या वाले देशों की कार्रवाई पर तय होगा। उन्होंने कहा, श्चीन की तरह भारत बहुत बड़ी जनसंख्या वाला देश है। कोरोना वायरस के दूरगामी परिणाम इस बात पर निर्भर करेंगे कि बड़ी जनसंख्या वाले देश इसे लेकर क्या कदम उठाते हैं। यह बहुत जरूरी है कि भारत जनस्वास्थ्य के स्तर पर कड़े और गंभीर निर्णय अपनी लोगों के लिए लेना जारी रखे।

रायन ने कहा कि भारत ने दो मूक हत्यारों– स्मॉल पॉक्स और पोलियो के उन्मूलन में दुनिया का नेतृत्व किया। भारत में जबरदस्त क्षमता है, सभी देशों में जबरदस्त क्षमता है। जब समुदायों और समाजों को जुटाया जाता है, तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बता दें कि भारत ने पोलियो से लंबी लड़ाई लड़ी और कुछ साल ही भारत पोलिया मुक्त हो गया है।

बता दें कि भारत में अभी कोरोना वायरस के 471 मामले सामने आए हैं। भारत में अभी यह महामारी सिर्फ दूसरे चरण तक पहुंची है। हमारी यह कोशिश है कि यह तीसरे चरण यानि कम्युनिटी ट्रांसमिशन (जहां पता ही नहीं चलता कि वायरस किसकी वजह से किसी शख्स में आया) तक नहीं पहुंच है।

भारत पूरी ताकत के साथ कोरोना वायरस के साथ जंग लड़ रही है और डब्ल्यूएचओ समेत सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। भारत में अभी तक कोरोना वायरस के कहर को काफी हद तक रोक रखा है। दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोई भी कोरोना वायरस से संक्रमित मामला सामने नहीं आया है।

## अमेरिका में कोरोना मामलों की संख्या बढ़कर 43,700 हुयी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका में एक ही दिन में कोरोना वायरस के 10,000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कोविड्‌19 से पीड़ित मरीजों की संख्या 43,700 तक पहुंच गयी। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चिकित्सा आपूर्ति और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की जमाखोरी को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। अमेरिका में पहली बार कोरोना वायरस के कारण एक दिन में 130 से अधिक लोगों की मौत हो गयी और सोमवार की रात तक मृतकों की संख्या बढ़कर 550 तक पहुंच गयी। कोविड्‌19 मामलों से जुड़े आंकड़ों का संकलन करने वाली वेबसाइट ष्वर्ल्डोमीटरष् के अनुसार सोमवार तक अमेरिका में कोरोना वायरस के 43,700 से अधिक मामलों की पुष्टि हुयी। इनमें से, 10,000 से अधिक मामले एक दिन में सामने आए। ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए चेतावनी दी कि उनकी सरकार महत्वपूर्ण मेडिकल और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के साथ–साथ सेनेटाइजर तथा मास्क आदि की जमाखोरी और कीमतें बढ़ा कर बेचे जाने पर सख्त कार्रवाई करेगी।